दिनांक 21 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मॉर्निंग विजिट में आयुक्त प्रकाश सर्वे ने पाई खामी , पेवर ब्लॉक लगाने के काम की गुणवत्ता खराब , एजेंसी को नोटिस जारी, निगमायुक्त ने भिलाई के अंतिम वार्ड हुडको का किया निरीक्षण, अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ भिलाई निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे शहर में जोन आयुक्त एवं अधिकारियों के साथ निरंतर मॉर्निंग विजिट में निकलकर सफाई, पेयजल, विकास कार्य एवं अन्य कार्यों का जायजा ले रहे हैं! मॉर्निंग विजिट में आयुक्त शहर के अंतिम वार्ड हुडको पहुंचे! वार्ड क्रमांक 70 में घूम-घूम कर उन्होंने सफाई व्यवस्था देखी! कुछ स्थलों में पाइपलाइन खुली पड़ी मिली जिसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिए! आगे निरीक्षण करते हुए आयुक्त मिलन चौक के पास पहुंचे, एजेंसी के द्वारा पेवर ब्लॉक सही तरीके से नहीं लगाया गया था, पेवर ब्लॉक का बैलेंस भी सही नहीं था! एक समान पेवर ब्लॉक नहीं लगाने को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए एजेंसी को नोटिस जारी कर फिर से पेवर ब्लॉक को निकाल कर व्यवस्थित तरीके से लगाने के निर्देश दिए!

हुडको में अतिक्रमण की शिकायत पर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश निगमायुक्त को हुडको में अतिक्रमण की काफी शिकायतें मिली हैं! हालांकि जब भी शिकायतें मिली है त्वरित संज्ञान में लेते हुए निगम ने कई स्थलों से अतिक्रमण मुक्त कराया है! आयुक्त ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ फौरन कार्रवाई करें , नए अतिक्रमण पर अधिकारी नजर रखें, अतिक्रमण का मामला संज्ञान में आते ही स्थल को कब्जा मुक्त करावे! हुडको के एक मोहल्ले में सड़क निर्माण कार्य होना है जहां अतिक्रमण रोड़े आ रहा है, इस पर 13 अतिक्रमण चिन्हाकित किए गए हैं जिन्हें हटाकर रोड का निर्माण किया जाएगा!

जनसंपर्क अधिकारी